पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

<u>कार्य-निष्पादन समीक्षा - 31 दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही</u>

पीएफसी ने 11 फरवरीर, 2022 को 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम की घोषणा की। तिमाही 3'22 और 9माह'22 के कार्य-निष्पादन संबंधी विशेषताएं इस प्रकार हैं।

क. वित्तीय कार्य-निष्पादन

1) समेकित वित्तीय कार्य-निष्पादन

- 9माह'21 से समेकित कर पश्चात लाभ में 23% की वृद्धि - 9माह'22 के लिए पीएटी 14,483 करोड़ रुपए।
- 9माह'21 से प्रचालनों से राजस्व में 7% की वृद्धि - 9माह'22 के लिए प्रचालनों से राजस्व 57,409 करोड़ रुपए
- 9माह'21 से निवल ब्याज आय में 16% की वृद्धि - 9माह'22 के लिए निवल ब्याज आय 22,843 करोड़ रुपए

2) एकल वित्तीय कार्य-निष्पादन

- 9माह'21 से एकल कर पश्चात लाभ में 21% की वृद्धि - 9माह'22 के लिए पीएटी 7,412 करोड़ रुपए।
- 6 रुपए प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश घोषित, इस वित्तीय वर्ष में संचयी अंतरिम लाभांश 10.75 रुपए प्रति शेयर तक
- 31.12.2021 तक पीएफसी सीआरएआर 22.68% पर है। इसके अतिरिक्त, इस तिमाही में पीएफसी ने वित्तीय वर्ष 21-22 के लिए अंतरिम लाभांश की घोषणा की है, जिसका भुगतान वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही में होगा। इस प्रकार, लाभांश भुगतान के बाद भी, पीएफसी सीआरएआर अच्छे स्तर पर बना रहेगा।

- **प्रमुख वित्तीय संकेतक**
  - ति3'22 के लिए अर्जक परिसंपत्तियों पर आय 10.21% पर परिकल्पित सीमा के भीतर है।
  - ति3'22 के लिए निधियों की लागत 7.18% पर है, जो ति2'22 से 21 बीपीएस कम हो गई।
  - ति3'22 के लिए अर्जक परिसंपत्तियों पर स्प्रेड और एनआईएम स्थिर सीमा के भीतर बना हुआ है - ति3'22 के लिए स्प्रेड 3.03% पर है और ति3'22 के लिए एनआईएम 3.70% पर है।

ग. परिसंपत्ति गुणवत्ता

1) एनपीए पर अद्यतन

- इस तिमाही में, टीआरएन एनर्जी परियोजना, जो 600 मेगावाट का चालू थर्मल संयंत्र है और 1,139 करोड़ रुपए का ऋण बकाया है, वह चरण III में आ गया है। इस परिसंपत्ति पर पर्याप्त प्रावधान किया गया है।
- डाउनग्रेड को देखते हुए, निवल एनपीए का स्तर ति2'22 में 1.92% से थोड़ा बढ़कर ति3'22 में 2.00% हो गया है। 31.12.2021 को सकल एनपीए अनुपात 6.06% पर है।

2) समाधान स्थिति पर अद्यतन

- वर्तमान में, 22,505 करोड़ रुपए की 27 परियोजनाएं चरण III में हैं। इसमें से 16,688 करोड़ रुपए की 16 परियोजनाओं का समाधान एनसीएलटी के माध्यम से किया जा रहा है और 5,817 करोड़ रुपए की शेष 11 परियोजनाओं का समाधान एनसीएलटी के बाहर किया जा रहा है।
- उपर्युक्त 27 परियोजनाओं में से 2 परियोजनाएं, जिनकी बकाया राशि 3,608 करोड़ रुपए है, समाधान के अग्रिम चरण में हैं। 1,345 करोड़ रुपए के एस्सार पावर महान ऋण में, एनसीएलटी द्वार समाधान योजना को अनुमोदित कर दिया गया है और कानूनी औपचारिकताएं चल रही हैं। साउथ ईस्ट यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी में, जिसे एनसीएलटी में समाधान किया जा रहा है, बोलियां प्राप्त हुई हैं और समाधान निकट भविष्य में पूर्ण होने की आशा है।

3) प्रावधान संबंधी स्थिति

- ति3'22 में, मुख्य रूप से चरण III की परिसंपत्तियों पर अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इसके साथ 31.12.2021 तक चरण III प्रावधान कवरेज 67% पर है

ड़. ऋण

- घरेलू मोर्चे पर, पीएफसी ने भारत बॉण्ड ईटीएफ इश्यू के छठे ट्रांच में भाग लिया और लगभग 10 वर्ष की परिपक्वता के लिए 1,180 करोड़ रुपए की राशि जुटाई। भारत बॉण्ड ईटीएफ के साथ, पीएफसी घरेलू बाजार में एक अतिरिक्त फंडिंग स्ट्रीम स्थापित करने में सक्षम है।

- विदेशी ऋण पर, पीएफसी ने विदेशी मुद्रा सावधि ऋण के माध्यम से सफलतापूर्वक 625 मिलियन अमरीकी डालर जुटाए। यह निर्धारित दर कूपन के साथ 5 वर्षीय ऋण है।

- इसके अतिरिक्त, पीएफसी अपने विदेशी मुद्रा जोखिम के प्रबंधन पर सक्रिय रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है। वर्तमान में, 5 वर्ष तक की अवशिष्ट परिपक्वता वाले पोर्टफोलियो के लगभग 90% को विनिमय जोखिम के लिए हेज किया गया है और इसमें से 100% अमेरिकी डॉलर मूल्यवर्ग के ऋण को हेज किया गया है।

च. पुरस्कार एवं सम्मान

- पीएफसी को 'सार्वजनिक क्षेत्र की एंटिटियों' की श्रेणी में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता हेतु प्रतिष्ठित आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।
- पीएफसी द्वारा हाल ही में जारी यूरो ग्रीन बॉण्ड को एसेट कंट्री इंडिया अवार्ड्स 2021 द्वारा "बेस्ट ग्रीन बॉण्ड - क्वाजी सॉवरेन" से सम्मानित किया गया है।
- पीएफसी ने डन एंड ब्रैडस्ट्रीट का भारत का बेस्ट पीएसयू अवॉर्ड'21 प्राप्त किया।

***